# स्पेशल टास्क फोर्स, उत्तर प्रदेश लखनऊ।

## प्रेस नोट संख्याः 105, दिनांक 10–04–2024

### टी०सी०आई० एक्सप्रेस ट्रासंपोर्ट कम्पनी अहमदाबाद में सेंध लगाकर उ०प्र० पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा-2023 का पेपर लीक कराने वाला मुख्य षड़यंत्रकर्ता/मास्टरमाइण्ड रवि अत्री गिरफ्तार।

दिनांक 10–04–2024 को एस0टी0एफ0 उ0प्र0 को टीसीआई कम्पनी के अन्दर रखे उ0प्र0 पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा–2023 के प्रश्न पत्रो के ट्रंक बॉक्स को खोलकर उसमें से पेपर निकालकर पेपर लीक कराने वाले गैंग का मुख्य साजिशकर्ता/मास्टर माइण्ड रवि अत्री को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः</u>**

रवि अत्री उर्फ पुत्र गोरख सिंह निवासी ग्राम नीमका, थाना जेवर, जनपद गौतमबुद्धनगर हाल पताः– म0न0 2635/28 यूएफजी– नीयर मैन पटेल नगर, रोड शादीक हामपुर पटेल नगर मध्यम, दिल्ली– 110008

**<u>बरामदगीः</u>**

1. 03 अदद प्रश्न–पत्र उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा।
2. 01 अदद मोबाईल फोन।
3. 01 अदद पेन कार्ड।
4. 01 अदद दिल्ली मैट्रो पास।

**<u>गिरफ्तारी का स्थान व समय–</u>**

स्थानः–खुर्जा बस स्टेण्ड के पास जेवर थाना जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर दिनांक 10–04–2024 समयः 06.30 बजे।

उ0प्र0 पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा–2023 का प्रश्न पत्र आउट होने/विभिन्न माध्यमों से वायरल होने की सूचनाओं/तथ्यो के आधार पर शासन द्वारा परीक्षा निरस्त कर सम्पूर्ण पेपर लीक प्रकरण की जांच एस0टी0एफ0 उ0प्र0 को आवंटित की गयी।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा–2023 का पेपर लीक प्रकरण में एसटीएफ उ0प्र0 की विभिन्न टीमों द्वारा तत्परता पूर्वक कार्यवाही करते हुए विभिन्न तिथियों में जनपद–वाराणसी, झॉसी, आगरा, कानपुर, बरेली, गाजियाबाद, प्रयागराज, मेरठ, गोरखपुर, हाथरस, नोएडा, बलिया में कुल 12 अभियोग पंजीकृत कराया गया है।

उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा–2023 का पेपर लीक प्रकरण में एसटीएफ फील्ड इकाई, मेरठ द्वारा तत्परता पूर्वक कार्यवाही करते हुए दि0 05–03–2024 को 06 सदस्यो प्रश्न–पत्र व उत्तर कुंजी सहित थाना कंकरखेड़ा, जनपद मेरठ क्षेत्र से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। दि0 12–03–2024 को महेन्द्र पुत्र रामफल निवासी बराह खुर्द, थाना कोतवाली जींद, जनपद जींद, हरियाणा को थाना कोतवाली जींद हरियाणा क्षेत्र से प्रश्न–पत्र व उत्तर कुंजी सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। दि0 14–03–2024 को 03 अभियुक्तों को जनपद गाजियाबाद क्षेत्र से प्रश्न–पत्र सहित गिरफ्तार करते हुए घटना का सफल

अनावरण किया गया तथा अभियुक्त राजीव नयन मिश्रा को एसटीएफ नोएडा टीम द्वारा दिनांक 03–04–2024 को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था, जो वर्तमान में पुलिस अभिरक्षा रिमाण्ड पर है।

उपरोक्त क्रम में श्री बृजेश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ फील्ड इकाई मेरठ के पर्यवेक्षण में निरीक्षक श्री सुनील कुमार, हे0कां0 रकम सिंह, हे0कां0 आकाशदीप, हे0कां0 प्रदीप धनकड एंव हे0कां0 विनय कुमार की टीम अभिसूचना संकलन हेतु जनपद गौतमबुद्धनगर में भ्रमणशील थी, इसी दौरान जानकारी प्राप्त हुई कि थाना कंकरखेड़ा, जनपद मेरठ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 166/2024 धारा 420, 467, 468, 471, 120बी भादवि व 3,4,7,8,9 उ0प्र0 सार्वजनिक परीक्षा अधि0–1998 का मास्टर माइण्ड वांछित अभियुक्त रवि अत्री जेवर खुर्जा बस स्टेण्ड के पास जेवर थाना जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर आने वाला है, यदि जल्दी किया जाय तो पकड़ा जा सकता है। इस सूचना पर एसटीएफ मेरठ टीम द्वारा तत्काल प्रतिक्रिया करते हुए उक्त स्थान पर पहुँचकर अभियुक्त रवि अत्री को आवश्यक बल प्रयोग कर गिरफ्तार कर लिया गया, जिसके पास से उपरोक्त बरामदगी हुई।

गिरफ्तार अभियुक्त रवि अत्री उपरोक्त ने पूछताछ पर बताया कि वर्ष–2006 में श्रीराम इण्टर कालेज थोरा, जनपद गौतमबुद्धनगर से इण्टर की परीक्षा पास करने के बाद वर्ष–2007 में ऐलन कोचिंग सेंटर, कोटा, राजस्थान में मेडिकल की तैयारी करने के लिये गया और वहीं पर परीक्षा माफियाओं के सम्पर्क में आ गया और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सॉल्वर बनकर बैठने लगा। वर्ष–2012 में एच0पी0एम0टी0 की परीक्षा पास करने के पश्चात इसका पी0जी0आई0एम0एस0, रोहतक, हरियाणा में एडमिशन हो गया और वर्ष 2018 में तृतीय वर्ष पास किया तथा चौथे वर्ष की परीक्षा नही दी। वर्ष 2012 में नीट पीजी की परीक्षा का पेपर लीक मामले में दरियागंज क्राईम ब्रान्च दिल्ली से जेल गया था तथा वर्ष 2012 में ही एस0बी0आइ0 की परीक्षा का पेपर आउट कराने में थाना शाहबाद डेरी, दिल्ली से जेल गया था एंव वर्ष 2015 में ए0आई0पी0एम0टी0 का पेपर आउट कराने में थाना पी0जी0आई0एम0एस0, रोहतक, हरियाणा से अपने साथियों के साथ जेल गया था।

अभियुक्त रवि अत्री उपरोक्त से उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा–2023 के पेपर आउट कराने के सम्बन्ध मे की गयी पूछताछ पर निम्न तथ्य प्रकाश में आये:–

- ❖ अंकित ने रवि अत्री को बताया था कि वह टी0सी0आई0, गति, ब्लू–डाट ट्रांसपोर्ट कम्पनी मे नौकरी लगवाता है। रवि अत्री को पता था कि इसी प्रकार की ट्रांसपोर्ट कम्पनी में पेपर आता है और इसे इस प्रकार के व्यक्ति की आवश्यकता थी तो इसने उससे दोस्ती कर ली और आपस में मुलाकात व बात होने लगी।
- ❖ रवि अत्री ने अंकित मिश्रा से कहा कि ट्रांसपोर्ट के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षा के पेपर आते–जाते हैं। अंकित को अपने व्यक्तियों से कोई भी प्रतियोगी परीक्षा का पेपर आने की सूचना से अवगत कराने व इसकी एवज में काफी धन देने की बात कही।
- ❖ रवि अत्री ने अंकित मिश्रा को बताया था कि प्रतियोगी परीक्षा के पेपर सम्बन्धी कागजों पर कॉन्फिडेंशियल मटेरियल लिखा रहता है तथा बॉक्स पर भी स्टील की टेप व कॉन्फिडेंशियल की मोहर लगी रहती है।
- ❖ अंकित मिश्रा ने फोन पर रवि अत्री की बात टी0सी0आइ0 कम्पनी में काम करने वाले अभिषेक शुक्ला से कराई थी और यह अभिषेक शुक्ला से बातचीत करने लगा और उसे हर माह 20–30 हजार रूपये देने लगा तथा अब तक रवि अत्री दोनों को लगभग 10–15 लाख रूपये दे चुका है।

- ❖ जैसे ही आर0ओ0/ए0आर0ओ0 एंव उ0पु0 पुलिस भर्ती परीक्षा क पेपर की तिथि नजदीक आई तो रवि अत्री माह फरवरी के प्रथम सप्ताह में ही अहमदाबाद में जाकर दशमेश होटल में रूककर रेकी करने लगा।
- ❖ अभिषेक शुक्ला ने टीसीआई कम्पनी में नौकरी करने वाले शिवम गिरी व रोहित कुमार पाण्डेय को बोल रखा था कि जैसे ही कोई पेपर आये तो बता देना।
- ❖ दिनांक 01–02–2024 को शिवम गिरि ने अभिषेक शुक्ला को कॉल करके बताया था कि शायद यू0पी0 पुलिस का माल आया है। अभिषेक शुक्ला ने यह बात रवि अत्री को बतायी तो रवि अत्री ने उससे कहा कि शिवम गिरि से कहकर बॉक्स की फोटो मंगवा लो।
- ❖ दिनांक 03–02–2024 को अभिषेक शुक्ला अहमदाबाद चला गया था और रवि अत्री भी दिल्ली से अहमदाबाद आ गया था। दिनांक 04–02–2024 को शिवम गिरि ने ट्रंक बॉक्स की फोटो खींचकर अभिषेक शुक्ला को भेजी तब अभिषेक ने उस फोटो को रवि अत्री को भेजा था।
- ❖ रवि अत्री ने अभिषेक शुक्ला के सामने राजीव नयन मिश्रा नि0 ग्राम–धर्मपुर शुकुलपुर मेजा, प्रयागराज जो वर्तमान में भोपाल में रहता है, को कॉल करके सारी बाते बताई और बॉक्स की फोटो भेजी थी।
- ❖ इसके बाद रवि अत्री ने अभिषेक शुक्ला की बात राजीव नयन मिश्रा से कराई, तब राजीव नयन मिश्रा ने उससे कहा कि किसी भी तरह यू0पी0 पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर निकलवाओ।
- ❖ रवि अत्री व राजीव नयन मिश्र ने अभिषेक से कहा था कि यह काम हो गया तो तुम्हें इतना पैसा मिलेगा कि जीवन में और कुछ करने की जरूरत नही होगी साथ मे सरकारी नौकरी भी लगवाने की बात कही थी।
- ❖ दिनांक 05–02–2024 को राजीव नयन मिश्रा भोपाल से अहमदाबाद पहुँचा और राजीव नयन मिश्रा ने 03 लाख रूपये शिवम गिरि के खाते में डाले।
- ❖ दिनांक 05–02–2024 को ही रवि अत्री ने पटना के रहने वाले डा0 शुभम मण्डल नि0 पटना बिहार जो बाक्स खोलने में एक्सपर्ट था, को कॉल करके सारी बाते बताई और उसको अहमदाबाद आने के लिये कहा था, जो दिनांक 05–02–2024 को ही रात्रि में करीब 09:30 बजे फ्लाईट से अहमदाबाद पहुँच गया था। रवि अत्री ने डा0 शुभम मण्डल के खाते में 02 लाख रूपये भेजे तथा कहा कि काम होने पर काफी पैसे तुमको मिलेगा।
- ❖ अभिषेक शुक्ला, रवि अत्री तथा राजीव नयन मिश्रा एयरपोर्ट से डा0 शुभम मण्डल को लेकर रात्रि में ही करीब 11:30 बजे टी0सी0आई0 कम्पनी में पहुँचे जहां पर शिवम गिरि और रोहित कुमार पाण्डेय मौजूद थे।
- ❖ राजीव नयन मिश्रा ने डा0 शुभम मण्डल को अपना फोन दिया और शिवम गिरि के साथ जाकर पेपर का फोटो खीच लेने को कहा, जिस पर शिवम गिरि के साथ डा0 शुभम मण्डल और रोहित कुमार पाण्डेय टी0सी0आई0 कम्पनी के अन्दर गये और डा0 शुभम मण्डल द्वारा ट्रंक बॉक्स को पीछे से खोलकर यू0पी0 पुलिस भर्ती परीक्षा के 02 कोड के पेपर निकालकर फोटो खींच ली।

- ❖ पेपर की फोटो खींचने के बाद अभिषेक शुक्ला, रवि अत्री, डा0 शुभम मण्डल एंव राजीव नयन मिश्रा दशमेश होटल चले गये थे तथा शिवम गिरि व रोहित कुमार पाण्डेय जो टी0सी0आई0 कम्पनी के मेस में ही रूक गये थे।
- ❖ दिनांक 07–02–2024 को भी 01 कोड का प्रश्न–पत्र और आया, जिसकी जानकारी शिवम गिरि ने अभिषेक शुक्ला को दी, जिसे अभिषेक शुक्ला ने राजीव नयन मिश्रा व रवि अत्री को बताया था।
- ❖ दिनांक 08–02–2024 को रवि अत्री ने फिर से डा0 शुभम मण्डल व राजीव नयन मिश्र को दोबारा अहमदाबाद बुलाया और राजीव नयन मिश्रा ने अपना मोबाईल फोन डा0 शुभम मण्डल को देकर कहा था कि शिवम गिरि के साथ जाकर उक्त परीक्षा के पेपर की फोटो खींच लो।
- ❖ शिवम गिरि के साथ डा0 शुभम मण्डल और रोहित पाण्डेय टी0सी0आई0 कम्पनी के अन्दर गये थे तथा डा0 शुभम मण्डल द्वारा ट्रंक बॉक्स पीछे से खोलकर यू0पी0 पुलिस का एक कोड का पेपर निकालकर फोटो खींची थी।
- ❖ दिनांक 08–02–2024 की सुबह डा0 शुभम मण्डल फ्लाईट से पटना चला गया था और राजीव नयन मिश्रा उपरोक्त परीक्षा के प्रश्न–पत्र के चौथे कोड के इंतजार में रूके थे, किन्तु चौथे कोड का प्रश्न–पत्र नहीं निकल पाया था।
- ❖ राजीव नयन मिश्रा व रवि अत्री के साथियों ने उक्त यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा–2024 के प्रश्न–पत्र को विक्रम पहल, मोनू ढाकला, विक्रम दहिया, महेन्द्र शर्मा, गौरव चौधरी, मोनू पंडित, सतीश धनकड (नेचर वेली रिसोर्ट का मालिक), नीटू नि0 वाजिदपुर, जनपद बागपत, धीरज उर्फ गोल्डी (वालीबुड रेस्टोरेंट, सोनीपत, हरियाणा का मालिक), अमित सिंह, पुष्कर पाण्डेय, संजय कुशवाहा, कामेश्वर मौर्य, अजय जायसवाल, अजीत चौहान नि0 जोनपुर एंव सुभाष प्रकाश आदि को दिया था। उक्त भर्ती परीक्षा का पेपर नेचर वेली रिसोर्ट, मानेसर, हरियाणा एंव शिव महाशक्ति होटल एंव रिसोर्ट, रीवा, मध्यप्रदेश में अभ्यर्थियों को पढवाया गया था।

आर0ओ0/ए0आर0ओ0 के बारे में बताया कि यह पेपर दि0 10–02–2024 को सुभाष प्रकाश ने जो मधुबनी बिहार का रहने वाला है, ने राजीव नयन मिश्रा को व्हाट्सअप पर भेज दिया था। फिर हम लोग वहीं अहमदाबाद से विक्रम पहल उर्फ हवलदार को पेपर भेज दिया था। विक्रम बहल उर्फ हवलदार ने गाजियाबाद में लगभग 20 अभ्यर्थियों को यह पेपर पढवाया था। हम लोगों ने लखनऊ के डा0 शरद को पेपर भेजा था जिसको डा0 शरद ने कई अभ्यर्थियों को पढवाया था।

अभियुक्त से अन्य घटनाओं और उसके गैंग द्वारा पेपर लीक व प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल कराने वाले अन्य गैंग के बारे में गहनता से पूछताछ की जा रही है।

गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्त को थाना कंकरखेड़ा, जनपद मेरठ में पंजीकृत मु0अ0सं0 166/2024 धारा 420, 467, 468, 471, 120बी भादवि व 3/4/7/8/9 सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों का निवारण अधि0 में दाखिल किया गया है। विवेचना एसटीएफ फील्ड यूनिट मेरठ द्वारा की जा रही है।

## <u>अभियुक्त रवि अत्री उपरोक्त का अपराधिक इतिहास</u>

| क्र0सं0 | अ0सं0 | धारा | थाना | जनपद |
|---|---|---|---|---|

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 06／12 | 420／120बी भादवि | क्राईम ब्रान्च दरियागंज | दिल्ली |
| 2 | 178／12 | 419／420／468／471／120 बी भादवि | शाहबाद डेरी | आउटर दिल्ली |
| 3 | 110／15 | 420／120बी भादवि | पीजीआईएमएस | रोहतक हरियाणा |
| 4 | 166／24 | 420, 467, 468, 471, 120बी भादवि व 3／4／7／8／9 सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों का निवारण अधि0 | कंकरखेडा | मेरठ |